माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in Email ID – registrar@msuniversity.ac.in

पत्रांक : 1942/01/NSS/MSU/2024–25 दिनांक : 22.3.25

प्रेस विज्ञप्ति

एतत्द्वारा समस्त सम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय के पत्र संख्या–203/01/एन0एस0एस0/एम0एस0यू0/2024–25, दिनांक : 21.02.2025 द्वारा माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंशकालिक कार्यक्रम समन्वयक पद हेतु सम्बद्ध महाविद्यालयों में कार्यरत् शिक्षकगण से दिनांक : 17.03.2025 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये थे।

मा0 कुलपति महोदया के आदेशानुसार अंशकालिक कार्यक्रम समन्वयक पद हेतु सम्बद्ध महाविद्यालयों में कार्यरत् शिक्षकगण से आवेदन पत्र आमंत्रित करने की अंतिम तिथि दिनांक : 27.03.2025 तक विस्तारित की जाती है।

कुलसचिव

प्रतिलिपि अधोलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

01. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या को इस आशय से प्रेषित कि वे अपने महाविद्यालय में कार्यरत् शिक्षकगण के मध्यम प्रसारित कराने का कष्ट करें, जिससे इच्छुक शिक्षकगण निर्धारित तिथि तक आवेदन विश्वविद्यालय को प्रेषित कर सके।
02. सम्पादक, समस्त दैनिक समाचार पत्र को इस आशय से प्रेषित कि वह कृपया उपर्युक्त प्रेस विज्ञप्ति को अपने सम्मानित समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
03. कुलपति कार्यालय को मा0 कुलपति महोदया के अवलोकनार्थ।

कुलसचिव

माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर
(पुवाँरका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)
Website- msuniversity.ac.in
E-mail ID – registrar@msuniversity.ac.in

पत्रांक : 203 / 01 / एन.एस.एस. / एम.एस.यू. / 2024–25

दिनांक: 21 / 02 / 2025

प्रेस विज्ञप्ति

माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंशकालिक कार्यक्रम समन्वयक पद हेतु सम्बद्ध महाविद्यालयों में कार्यरत् शिक्षकगण से सादे कागज पर आवेदन–पत्र समस्त प्रमाण–पत्रों की प्रमाणित छायाप्रति सहित उचित माध्यम से आमंत्रित किये जाते हैं। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा अंशकालिक कार्यक्रम समन्वयक पद हेतु निम्नलिखित अर्हतायें निर्धारित है–

01. उसे विश्वविद्यालय या सम्बद्ध महाविद्यालय में रीडर (एसोसिएट प्रोफेसर) / प्रवक्ता (असिस्टेन्ट प्रोफेसर), चयन वेतनमान / प्रवक्ता (असिस्टेन्ट प्रोफेसर), वरिष्ठ वेतनमान पद पर कार्यरत् होना चाहिए।
02. सम्बद्ध कॉलेजों के प्राचार्य / प्राचार्या जिन्हें राष्ट्रीय सेवा योजना की पृष्ठभूमि की जानकारी हो तथा रीडर (एसोसिएट प्रोफेसर) का दर्जा प्राप्त हो, को भी कार्यक्रम समन्वयक की नियुक्ति हेतु विचार किया जा सकता है।
03. वह राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत कार्यक्रम अधिकारी के पद पर न्यूनतम 03 वर्ष तक कार्यरत हो।
04. उससे प्रशिक्षण तथा अभिविन्यास केन्द्र / प्रशिक्षण अभिविन्यास तथा अनुसंधान केन्द्र से राष्ट्रीय सेवा योजना पर अभिविन्यास किया होना चाहिए।
05. अंशकालिक कार्यक्रम समन्वयक पद हेतु चयन के समय उसे 50 वर्ष से अधिक आयु का नहीं होना चाहिए।

विश्वविद्यालय में आवेदन पत्र दिनांक 17.03.2025 तक जमा किये जायेगें। उसके पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्रों पर किसी भी दशा में विचार नहीं किया जायेगा।

कुलसचिव

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. कुलपति कार्यालय को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. समस्त प्राचार्य / प्राचार्या को इस आशय से प्रेषित की वे अपने महाविद्यालय में कार्यरत् शिक्षकगण के मध्य प्रसारित करा दे, जिससे इच्छुक शिक्षकगण निर्धारित तिथि के अन्दर आवेदन विश्वविद्यालय को प्रेषित कर सकें।
3. सम्पादक, समस्त दैनिक समाचार पत्र (सहारनपुर, मुजफ्फरनगर एवं शामली) को इस आशय से प्रेषित कि वह कृपया उपर्युक्त सूचना अपने सम्मानित समाचार पत्रों में निशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
4. नोटिस बोर्ड।
5. बेबसाइट पर सूचनार्थ।
6. गार्ड फाईल।

सहा0 कुलसचिव